खबर संक्षेप

## हेलमेट संबंधी निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही



**मण्डला।** जिले में हेलमेट अनिवार्यता संबंधी निर्देशों के पालन की निरंतर निगरानी की जा रही है। मंडला पुलिस द्वारा पूर्व में सभी पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक आयोजित कर स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल प्रदाय न किया जाए तथा आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। सभी पेट्रोल पंपों पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा द्वारा जारी संबंधित आदेश चस्पा भी कराया गया था। इसी क्रम में मंगलवार को थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नंदकिशोर एंड कम्पनी, लालीपुर एवं श्रीजी पेट्रोल पंप (नायरा कम्पनी), पड़ाव पर बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चालकों को पेट्रोल विक्रय किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच, सीसीटीवी फुटेज परीक्षण किया गया जिसमें आदेश उल्लंघन पाया गया। प्रकरण में संबंधित प्रबंधकों अलीम खान एवं मुकेश स्थापक के विरुद्ध बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मंडला जिले में वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटनाओं में 319 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। प्रत्येक व्यक्ति की मृत्यु उसके परिजन को भावनात्मक के साथ आर्थिक समस्या से ग्रसित कर देती है। अतः जनवरी 2026 से अनवरत चल रहे हेलमेट पहनेगा मंडला अभियान में सभी भागीदारों से सहयोग की अपेक्षा है जिससे मृत्यु दर को कम किया जा सके और किसी भी व्यक्ति की मृत्यु लापरवाही के कारण ना हो। पेट्रोल पंप को चेक करने की प्रक्रिया सभी थाना क्षेत्र में लगातार जारी है और भविष्य में भी किसी के भी द्वारा निर्देशों का उल्लंघन किया जाना पाए जाने पर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### माँ नर्मदा के तट पर श्रद्धा और उल्लास का नजर आया संगम

# जिले भर में हर्ष और उल्लास के साथ मनी होली





*** 'फूलों की होली' में शामिल हुए कलेक्टर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

होली पर्व के उपलक्ष्य में नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट के तत्वावधान में माँ नर्मदा के पावन तट पर 'फूलों की होली' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सहभागिता कर नागरिकों के साथ पर्व का आनंद लिया।

आयोजन की शुरुआत 'पंच चौकी महाआरती' से हुई। पारंपरिक विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंखध्वनि के मध्य माँ नर्मदा का पूजन किया गया। तत्पश्चात शास्त्रीय रीति से होलिका दहन संपन्न हुआ, जो समाज में सद्भाव, सकारात्मकता एवं बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है।

होलिका दहन के उपरांत 'फूलों की होली' कार्यक्रम में कलेक्टर श्री मिश्रा सहित उपस्थित श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने पुष्प वर्षा कर सभी को होली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर श्री सचिन जैन एवं श्री संस्कार बावरिया सहित जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

### कलेक्टर निवास पर मनाई होली

कलेक्टर निवास में होली का पर्व उत्साह और सौहार्द के साथ मनाया गया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने अधिकारियों कर्मचारियों के साथ होली खेलकर सभी को रंगों के इस पर्व की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर अधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि होली का त्यौहार समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर निवास का माहौल रंगों और खुशियों से सराबोर रहा। प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर त्यौहार की खुशियां साझा कीं और सभी ने हर्षोल्लास के साथ होली का आनंद लिया।

### रेडक्रास परिवार द्वारा होली मिलन समारोह

होली के पावन अवसर पर रेडक्रॉस परिवार द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस से जुड़े पदाधिकारियों, सदस्यों तथा गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान रंगों, संगीत और आपसी सौहार्द का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि होली का पर्व आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश देता है। रेडक्रॉस परिवार हमेशा सामाजिक सरोकारों के साथ ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करता रहा है।

समारोह के दौरान रंग-गुलाल के साथ होली के पारंपरिक गीतों पर सभी ने आनंद लिया। वातावरण पूरी तरह होली के रंग में रंगा नजर आया। उपस्थित सदस्यों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और खुशियों का यह पर्व मिलजुल कर मनाया।

कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए स्नेहभोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस परिवार के सभी सदस्य एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।





## तिराहा के हनुमान मंदिर में हुआ संगीत मय सुंदर कांड पाठ की धुन से गूंज उठा नगर

**भुआबिछिया।** 3 मार्च चन्द्र ग्रहण काल समाप्त होने के पश्चात दिन मंगलवार होने के कारण बिछिया नगर के मुख्य तिराहे पीपल वृक्ष के नीचे विराजमान हनुमान मंदिर में सुंदर कांड का संगीत मय पाठ हनुमान चालीसा पाठ व्यापारी समुदाय के साथ नगर वासियों ने संगीत मय सुंदर कांड का पाठ ,शाम चंद्रग्रहण सूतक काल समाप्त होने के उपरान्त 8 बजे से संगीतमय पवित्र मन से सुंदरकांड पाठ का आयोजन हनुमान मंदिर में किया गया , इस अवसर पर नगर के व्यापारी सहित सभी भक्तों ने उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित किया नगर में ऐसे शुभ अवसर पर इस सुंदर कांड के पाठ से नगर का एक मात्र तिराहा भगवान राम ओर हनुमान के संगीत मय सुंदर ध्वनि से गूंज उठा।

## बच्चा चोर की अफवाह फैलाकर नाबालिक से मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**मण्डला।** मंडला जिले के थाना बिछिया अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा में 26 फरवरी 2026 को एक अज्ञात नाबालिग बालक को कुछ ग्रामीणों द्वारा बच्चा चोर होने के संदेह में पकड़कर उसके साथ मारपीट की गई। उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आने पर पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी बिछिया श्री रंजीत सिंह सैयाम को तत्काल मामले की जांच कर दोशियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी बिछिया तथा पुलिस स्टाफ द्वारा वीडियो एवं घटनास्थल की विस्तृत जांच की गई। जांच के दौरान वीडियो में दिखाई दे रहे व्यक्तियों की पहचान कराई गई, जिसमें पाया गया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा नाबालिक बालक को बच्चा चोर समझकर बंधक बनाया गया तथा उसके साथ मारपीट की गई। साक्ष्यों के आधार पर थाना बिछिया में प्रकरण पंजीबद्ध कर तीन आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि बच्चा चोर जैसी अफवाहों पर विश्वास न करें और ना ही ऐसी अफवाहें फैलाएं। किसी भी अज्ञात व्यक्ति के संबंध में संदेह होने की स्थिति में कानून अपने हाथ में न लें, बल्कि तत्काल पुलिस को डायल 112 अथवा पुलिस थाने पर सूचना दें, ताकि समय पर उचित कार्रवाई की जा सके।

कार्यवाही | गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने की कार्यवाही।

# अनुशासनहीनता के चलते पदाधिकारी हुए निष्कासित

*** प्रेसवार्ता के माध्यम से दी गई जानकारी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



इन दिनों गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी में बवाल मचा हुआ है। पार्टी के ही कार्यकर्ता व पदाधिकारी अपने प्रदेश अध्यक्ष पर तमाम आरोप लगा रहे हैं। पूरा मामला छिंडवाड़ा व सिवनी जिले का बताया जा रहा है। पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता खुलकर प्रदेश अध्यक्ष का विरोध कर रहे हैं। जिसको लेकर गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी ने ऐसे नेता और कार्यकर्ताओं पर अनुशासनहीनता का्र डंडा चला दिया है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय सचिव निर्मल मरावी ने बताया कि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी संगठन की मजबूती, अनुशासन और पार्टी की छवि को बनाए रखने को लेकर गंभीर हैं। वहीं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश तेकाम ने बताया कि हाल ही में सिवनी और छिंदवाड़ा जिले के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा की गई पार्टी विरोधी गतिविधियों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। 2 मार्च को सिवनी जिले के छपारा-बंजारी क्षेत्र में कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा एक बैठक आयोजित कर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश तेकाम के खिलाफ नारेबाजी की गई थी। इतना ही नहीं केंद्रीय नेतृत्व के प्रति भी व्यंगात्मक टिप्पणियां की गईं और इन घटनाओं से जुड़े वीडियो व बयान सोशल मीडिया पर प्रसारित किए गए। साथ ही मीडिया में खबरों को प्रचारित किया गया जिससे पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा है। संगठन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कमेटी गठित की थी। जांच समिति द्वारा पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को सौंपी गई है। रिपोर्ट में संबंधित पदाधिकारियों द्वारा पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन की छवि को नुकसान पहुंचाने की पुष्टि होने पर गुरुवार को आयोजित बैठक में अनुशासनात्मक कार्रवाई का निर्णय लिया गया। बैठक में सबसे बड़ी कार्यवाही छिंदवाड़ा जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष देवीराम उर्फ देवरावन भलावी के खिलाफ की गई। उन्हें पार्टी के खिलाफ गतिविधियों में शामिल होने सोशल मीडिया पर संगठन की छवि धूमिल करने और अलग संगठन बनाने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोपों के आधार पर दोषी पाते हुए। उन्हें तत्काल प्रभाव से 6 माह के लिए संगठन से निष्कासित कर दिया। इसी तरह छिंदवाड़ा जिले के युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रवीण धुर्वे पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। उन पर भी सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी विरोधी प्रचार करने और संगठन की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए प्रवीण धुर्वे को भी छह माह के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। छिंदवाड़ा जिले के किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप इनवाती के खिलाफ भी संगठन ने सख्त कदम उठाया है। संदीप इनवाती द्वारा लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी के खिलाफ भ्रामक जानकारी प्रसारित की जा रही थी और इससे संगठन की प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही थी। इस मामले को गंभीर मानते हुए उन्हें भी तत्काल प्रभाव से छह माह के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। सिवनी जिले के छपारा निवासी रावेनशाह उइके पर भी पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे है। उन्होंने संगठन को कमजोर करने के उद्देश्य से कूटनीतिक षड्यंत्र भी रचा। इन आरोपों के आधार पर रावेनशाह उइके को भी छह माह के लिए पार्टी से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कुछ अन्य पदाधिकारी भी इस पूरे मामले में संलिप्त पाए गए हैं जिन्हें फिलहाल कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें 15 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। यदि तय समय सीमा के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तो उनके खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिन पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनमें सिवनी जिले के धनौरा विकासखंड के ग्राम मुल्ला देवरी निवासी तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पूर्व विधायक रामगुलाम उइके शामिल हैं। इसके अलावा लखनादौन जिला सिवनी के एडवोकेट महेश वटटी, जो पार्टी में प्रदेश पदाधिकारी हैं उन्हें भी नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया। सिवनी जिले के शक्ति सिंह सिसौदिया की 26 फरवरी को भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय से की गई नियुक्ति को निरस्त कर दिया गया है। पार्टी संगठन ने बताया कि जिला कमेटी के प्रस्ताव और प्रदेश कमेटी की अनुशंसा के आधार पर इस नियुक्ति पर पुनर्विचार किया जाएगा और प्रदेश कमेटी अंतिम निर्णय लेगी। पार्टी का उद्देश्य आदिवासी समाज वंचित वर्गों और क्षेत्रीय हितों की आवाज को मजबूती से उठाना है। ऐसे में यदि कोई पदाधिकारी संगठन की मर्यादा को तोड़ते हुए व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण पार्टी की छवि खराब करने का प्रयास करता है तो संगठन को मजबूरन कठोर निर्णय लेने पड़ते हैं। मंडला में आयोजित इस बैठक में प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ पदाधिकारी जिला पदाधिकारी और संगठन के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के बाद पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर इन निर्णयों की जानकारी मीडिया को दी गई।

## दूध के कंटेनरों के बीच छिपाकर ले जाई जा रही भारी मात्रा में शराब जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला




पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थ एवं शराब के विक्रेताओं तथा परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना बीजाडांडी प्रभारी निरीक्षक अनीता कुड़ापे द्वारा अपने स्टाफ के साथ दिनांक 05/03/2026 की सुबह मुखबिर सूचना पर नेशनल हाईवे-30, खूंटापड़ाव के पास घोंटा तिराहा पर घेराबंदी कर कार्रवाई की गई।कार्रवाई के दौरान मैजिक वाहन क्रमांक MP51ZC4766 को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें दूध के कंटेनरों के बीच छिपाकर ले जाई जा रही 54 पेटी विभिन्न प्रकार की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। वाहन चालक मनमोहन झारिया निवासी ग्राम सालीवाड़ा (डिठोरी) थाना नैनपुर जिला मंडला को मौके से पकड़ा गया।

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि अवैध शराब के परिवहन को सुरक्षित बनाने तथा पुलिस से बचने के उद्देश्य से एक अन्य टोयोटा ETIOS वाहन क्रमांक WB06F9054 आगे-आगे चल रहा था। पुलिस द्वारा तत्परता व सूझबूझ से उक्त वाहन में सवार प्रिंस गुप्ता एवं संजय दोहरे उर्फ रेड निवासी मंडला को भी पकड़ा गया।

आरोपियों के कब्जे से 54 पेटी अंग्रेजी शराब (कुल 426 लीटर), दो चारपहिया वाहन, तीन मोबाइल फोन तथा 15 सिल्वर कलर के दूध के कंटेनर जप्त किए गए। कुल जप्त मशरूका की कीमत अनुमानित ₹9,62,540/- आंकी गई है। इस संबंध में आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।


जांच में यह भी पाया गया कि आरोपी संजय दोहरे उर्फ रेड के विरुद्ध थाना कोतवाली मंडला में 04 आबकारी एवं थाना बीजाडांडी में 01 प्रकरण, प्रिंस गुप्ता के विरुद्ध थाना कोतवाली मंडला में 02 प्रकरण तथा मनमोहन झारिया के विरुद्ध 01 आबकारी प्रकरण पूर्व से दर्ज है। तीनों आरोपी आदतन अपराधी पाए गए हैं।

आरोपी में मनमोहन झारिया निवासी ग्राम सालीवाड़ा (डिठोरी), थाना नैनपुर, जिला मंडला प्रिंस गुप्ता निवासी मंडला, संजय दोहरे उर्फ रेड निवासी मंडला शामिल रहे।

पुलिस द्वारा 54 पेटी विभिन्न प्रकार की अंग्रेजी शराब(कुल मात्रा — 426 लीटर)शराब की अनुमानित कीमत ₹2,77,540/-, 02 चारपहिया वाहन (मैजिक एवं टोयोटा ETIOS) —अनुमानित कीमत ₹6,50,000/-, 03 मोबाइल फोन — ₹35,000/-, 15 सिल्वर कलर दूध के कंटेनर, कुल जप्त मशरूका कीमत — ₹9,62,540/-

खबर संक्षेप

## गांवों के हेण्ड पम्प सुधारने की उठी मांग



**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** गर्मी का मौसम शुरू होने से ग्रामों के निवासी पेयजल उपलब्ध करने हेण्ड पम्पों पर निर्भर होते चले जा रहे है। किन्तु बड़ी ही बिडम्बना की बात है कि सरकार द्वारा लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभाग द्वारा पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है। मगर इसके बाद भी क्षेत्र के अनेक गांवों में लोग पीने के पानी को लेकर परेशान होते हुए आसानी से देखे जा रहा है। क्योंकि गांवों में लगे हुए हेण्ड पंपो की सच्चाई जिस प्रकार से बनी हुई है कि वह पानी की जगह हवा उगलते हुए दिखाई दे रहे है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है कि क्षेत्र के कई गांवो के हेण्ड पम्प विगत लम्बे समय से बिगड़े हुए है और उनकी संबंधित विभाग द्वारा किसी भी प्रकार से कोई सुध न लेने से स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि आने वाली महिनों में पड़ने वाली प्रचंड गर्मी के दिनों में उपयोगी साबित नही होंगे, जिसको लेकर क्षेत्र की ग्रामो के निवासियो ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से गुहार लगायी है कि वह क्षेत्र के गांवो में लगे हेण्ड पम्पो की स्थिति की शीघ्र पड़ताल कराये और समय रहते हुए बिगड़े हेण्डपम्पों में सुधार कराये ताकि आने वाली गर्मी के मौसम में गांवो में गर्मी के मौसम में लोगों को जलसंकट उत्पन्न होने पर विराम लग सके।

## पंचायतों में भाई भतीजावाद के चलते सरकारी योजनाएं हो रही फेल, पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ लेने भटक रहे..?

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** इस समय देखा जा रहा है कि सरकार द्वारा गरीबों के हितों का ध्यान रखते हुए अनेक प्रकार की योजनाएं चला रही है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री आवास व केन्द्र सरकार प्रधान मंत्री आवास योजना तथ पूर्व से संचालित इंदिरा आवास योजनाएं शामिल है। मगर इन योजनाओं को चलते जनपद पंचायतों के द्वारा ग्राम पंचायतों के माध्यम से काफी समय से संचालित की जा रही है, परंतु इसके बाद भी आज इसके वास्तविक हकदार इन योजनाओं का लाभ पाने से वंचित नजर आ रहे हैं? यह योजना विगत काफी समय से संचालित की जा रही है, यदि इसका सही क्रियान्वयन होता तो लगभग हर ग्राम पंचायत में गरीबों को आवास मिल चुका होता। परंतु आँकड़ों की जादूगरी में यह योजना ऐंसी गुम हुई कि इसके वास्तविक हकदार आज भी परेशान हैं? और योजना के आँकड़े हजारों के लाभान्वित हो जाने की जानकारी दे रहे हैं? ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सभाओं के माध्यम से यह तय किया जाता है कि इंदिरा आवास योजना का लाभ इसे दिया जाता है। हालाकि विगत वर्षों में इसके लक्ष्य को हल कर दिया गया है, ग्राम सभायें कागजी होड़ की हैं तथा इन ग्राम सभाओं में आमजन की भागीदारी भव्य होती है हालाकि कागजी खानापूर्ति की जाती है? आमजन की अनुपस्थिति के चलते सरपंच अपनी मर्जी के अनुसार नाम तय कर लेते हैं और उसे इस योजना का लाभ मिल जाता है और इसमें वह गरीब जो इसका असली हकदार होता है वह पिछड़ जाता है, यदि ग्रामीण क्षेत्रों का रूख किया जावे तो अनेक जगहों पर तो शिकायत तो यह भी है कि इस योजना में मिलने वाली सच्चाई को यूँ ही गुम कर दिया जाता है। कई बार पूरी राशि और कई बार पहली किस्त के बाद मिलने वाली राशि को गुम कर दिया जाता है। नतीजतन यदि इस योजना से कोई आवास बनाना भी चाहता है तो वह पहली किस्त में मिली राशि के उपयोग के बाद दूसरी किस्त के लिये भटकता ही रह जाता है। कुद इसी प्रकार की सच्चाई इंदिरा आवास योजना के क्रियान्वयन में आ रही इन परेशानियों से बड़े अधिकारी अपरिचित नहीं हैं परंतु उदासीन अवश्य हैं। अगर विगत कुछ वर्षों के आँकड़ों की जाँच ही करा ली जाये तो शर्मसार कर देने वाले परिणाम सामने आ सकते हैं।

# खुशियों की पिचकारियों के रंग से सराबोर हुआ शहर भाईचारे की जमकर उड़ी नगर की सड़कों पर गुलाल

शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस टीमे रही चप्पे चप्पे पर तैनात, दूसरे दिन पुलिस थाने के पीछे बाडे में पेहरेदारों ने मनाई होली....

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**









मस्ती, खुशियों का परम्परागत पर्व धुरडी के अवसर पर बीते हुए बुधवार को शहर में शालीनता, सांप्रदायिक सौहार्द्र के साथ होली पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस प्रकार से रंगो के त्यौहार होली के दिन शहर के बाजार में सजी रंग गुलाल की दुकानों से अनेक प्रकार के मुखौटे खरीद युवा, बच्चें अपना रूप बदले हुए हुलिये में सुबह से ही नगर की सड़कों, गलियों पर निकले हुये दिखाई देने लगे थें और उन्होनें जमकर खुशियों की पिचकारियों से रंगो की बौछार कर नगर की धरती को लाल कर दिया। वही होली के इस मौके पर खास बात यह रही कि अपने दोस्तो व परिचितो पर रंग डालते हुए उन्हे गुलाल लगाने वाले युवाओं, बच्चों ने मर्यादा का पूरा ध्यान रखा और उन रासायनिक रंगो का होली खेलने में प्रयोग नहीं किया जो स्वास्थ्य को हानि पहुंचाने वाले माने जाते है। यदि इस वर्ष होली उत्सव की सच्चाई पर गौर किया जावे तो मुस्लिम भाईयों के चल रहे रमजान माह धुरेडी होने के बीच शासन द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का पालन करते हुये जहां तहा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन होते हुये देखे गये। जिसमें पहुंचने वाले शहरवासियों को अपने तन को पूरी तरह रंगवाकर मोहक अंदाज में नृत्य करने मजबूर होना पड़ा। इस तरह युवाओं ने जगह जगह महफिलें सजा भंग मिली मिठाईयॉ, एक सर्व प्रचालित पेय पदार्थ का सेवन कर झूमते, गाते, परस्पर गले मिल होली मनाने का आनंद लिया। वही होली के इस अवसर पर शहरवासी मंदिरो में भगवान को गुलाल अर्पित करने भी पहुॅचे तथा अनेक स्थानों पर गीत, संगीत के कार्यक्रम आयोजित हुए इस वर्ष विशेष बात थी कि होली के मौके पर नगरवासियों ने नगर में भ्रमण कर शहरवासियों को आत्मीयता के रंग से ओत प्रोत किया। बताया जाता है कि इस होली के अवसर पर शहर में मिठाईयो, फलों, कोल्ड डिंक्स की दुकानों पर भीड़ भाड से भीषण महॅगाई शर्मायी प्रतीत हुई तथा घरों में शुभ चिंतकों की लगातार आव भगत की जाती रही। परम्परा के अनुसार शहरवासी शोकाकुल परिवारों के लोगों को गुलाल लगाने पहुंचे और सम्बेदनाऍ व्यक्त कर उनका दुःख हल्का किया। इस वर्ष होली के चलतें नपा. ने पेयजल आपूर्ति, साफ सफाई के बेहतर इंतजाम कर जहां नगरवासियों का दिल जीता। वही कानून व्यवस्था बहाल करने पुलिस भी चौकस रही जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो उप पुलिस अधीक्षक ललित सिंह डागुर व त्यौहारों पर व्यवस्थाये बनाने में माहिर अनुभवशील माने जाने वाले नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान सहित संपूर्ण टीम द्वारा नगर में शांति पूर्वक होली मनाने के लिए पुलिस की जो व्यवस्था की गई थी उसे देखते हुए नगर में पहलीवार देखने मिला की आखिर में पुलिस नगरवासियों की सुरक्षा के लिए कितनी जिम्मेदार है। क्योंकि पुलिस द्वारा होली के अवसर पर मस्त होकर युवाओं द्वारा अपनी गाडिया दौड़ाने पर पाबंदी के लिए जहां तहां पाइंट बनाते हुए एक गाड़ी पर तीन लोग या फिर तेज गति से बाइक दौड़ाने वाले युवाओं को रोककर होली की बंधाई देते हुए इस प्रकार से समझाईश दी गई जिसके चलते वह पुलिस की इस पहल पर अपनी गाड़िया टिकाने के लिए मजबूर होते हुये देखे गये? इस संबंध में नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान का कहना था कि यदि नशे की हाल में युवा गाड़ी दौड़ाते है तो कार्यवाही करना तो कानून प्रक्रिया है। मगर यदि उन्हें अच्छी समझाईश दी जाये तो उसके आधार पर उनके साथ साथ दूसरों का भविष्य भी सुधर सकता है और पुलिस की समझाईश का असर युवाओं पर देखने भी मिला है। इस प्रकार से आश्चर्य की बात रही कि होली पर शहर में तैनात पुलिसकर्मी, अधिकारी नगर के युवाओं, बच्चों को शांतिपू र्ण ढंग से होली खेलते देख उनमें उत्साह जगाते रहे। सही मायने में गौर किया जावे तो जिस प्रकार से नगर में शांति पूर्वक होली मनाई गई। इसी प्रकार से ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों द्वारा बड़ी ही शालिनता के साथ होली त्यौहार पर रंग गुलाल से महौल को गुलाबी कर दिया गया। इस तरह से होली के त्यौहार पर क्षेत्र में किसी भी प्रकार से एक भी अप्रिय घटना न होने से प्रसन्नता के चलते दूसरे दिन यानि की गुरूवार को समाज के पहरेदार पुलिस अधिकारियों ने नगर के थाना प्रांगण के पीछे यानि की पुलिस थाने के पिछवाडे में खूब होली खेली जिसके चलते जहां संपूर्ण पुलिस लाईन की नई क्वाटरो का परिसर गुलाल से सतरंगी नजर आ रहा था। वही दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षो पूर्व से चली आ रही रम्पुराओं के चलते देखा गया कि गांव का मुखिया अपने गांव के लोगों के साथ फांगे गाते हुए शोक वाले परिवारों में पहुंचकर उन्हें शोक संवेदनाए व्यक्त करने पहुंचते है। मगर यह परम्परा जहां युवा पीढ़ी भूलते जा रही है। इसके बाद भी यह पुरानी परम्परा को अनेक गांवों के युवाओं में देखने मिली जहां पर अपने ग्राम के लोगों के साथ मिलकर पुरानी परम्परा को कायम रखते हुए फांगों के टोली के साथ शोक परिवारों में पहुंचकर रंग गुलाल लगाते हुये युवाओं को देखा गया। गौरतलब है कि पिछले कई सालो से शहर में धूमधाम से रंग पंचमी का त्यौहार मनाने का चलन में हो गया है, जिसमें युवा बच्चे, उत्साहीजन होली खेलने में कोई कसर नही रहने देते है। उल्लेखनीय है कि होली के आलवा नगर में रंग पंचमी का त्यौहार भी इसी प्रकार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है जिसके चलते 98 मार्च को होली के समान रंग पंचमी के अवसर पर भी जमकर रंगों की धमाल मचाने और शहर के रंगो में डूबने की पूरी सम्भावना है..? ज्ञात हो कि इस वर्ष तिथि के फेर बदल के चलते रंग पंचमी का त्यौहार गिनती के अनुसार एक दिन बिलम्ब से चल रहा है। वही होली की तरह रंगपंचमी के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासन द्वारा संपूर्ण इंतजाम किये गये है।

# अचानक पेट्रोल पंपों पर लगी भीड़, बेरल से लेकर कुप्पों में भराया जा रहा डीजल पेट्रोल, कालाबाजारी की बन रही संभानायें...?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**





ईरान व अमरिका सहित इजराइल के बीच शुरू हुये युद्व को लेकर लोगों में यह अफवाह फैलते हुये देखी जा रही है कि देश में डीजल पेट्रोल की कम आ जावेगी। इसी के चलते अचानक पेट्रोल पंपो पर डीजल पेट्रोल लेने वालों की भीड़ लगने के चलते अफरा तफरी का महौल निर्मित होते हुये दिखाई देने लगा है। लोगों द्वारा अपने ट्रेक्टर ट्रालियों में अनेक बेरल लेकर पहुंचते हुये जहां हजारों लीटर डीजल एकत्र किया जाने लगा है। वही दूसरी ओर मोटर साईकिलों में चार चार कुप्पा लेकर पहुंचकर लोगों द्वारा थोक में पेट्रोल लिया जा रहा है। जबकि इस तरह जहां वाहन के अतिरिक्त कुप्पों में डीजल पेट्रोल देना नियम के विरूद्व माना जाता है। मगर इसके बाद भी पेट्रोल पंप वालों द्वारा थोक में बेरलों से लेकर कुप्पों में डीजल व पेट्रोल दिया जा रहा है। वही दूसरी ओर नगर सहित क्षेत्र के अन्य पेट्रोल पंपों में लम्बी लम्बी लाईने देखने मिल रही है। इस स्थिति में जहां डीजल पेट्रोल की कालाबाजारी के संकेत दिखाई देना शुरू होते हुये प्रतीत होने से नही चूक रहे है। दूसरी ओर खतरा बनने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। क्योंकि इतनी अधिक मात्रा में जब अपने घरों में डीजल पेट्रोल का स्टाक करके रखगे तो किसी भी प्रकार की घटना की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..? जबकि पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा लगातार सोशल मीडिया पर सूचना दी जा रही है कि देश में डीजल पेट्रोल की किसी भी प्रकार से कोई कमी नही है और न ही आने वाली है। क्योंकि डीजल पेट्रोल हमारे देश में इरान के आलवा अन्य देशों से आता है। वही पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा भी कहा जा रहा है कि पेट्रोल डीजल की कमी या फिर पेट्रोल पंप बंद होने की किसी से कोई संभावना नही है। मगर इसके बाद भी लोगों में फैल रही अफवाह के चलते पेट्रोल पंपों पर लम्बी लम्बी लाईने लगी हुई देखने मिल रही है। इस तरह की बन रही स्थिति को ध्यान में रखते हुये जिम्मेदार अधिकारियों को तुरंत कोई ठोस कदम उठाते हुये दिशा निर्देश जारी करना चाहिये जिससे डीजल पेट्रोल का कृतिम आभाव निर्मित न हो पाये और लोग कालाबाजारी के शिकार होने से बच सके।

## पति द्वारा पैसा न देने पर पत्नि ने मायके से भाई को बुलाकर करा दी पिटाई



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जो महिलाये ससुराल में रहते हुये छोटी छोटी बातों को लेकर अपने मायके तक पहुंचा देती है निश्चित ही उनका घर संभलने के पहले ही मिटते हुये दिखाई देने से नही चूकता है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हयु दिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत देखने मिली है। जहां पर पति द्वारा मजदूरी के कुछ पैसो की बात को लेकर पत्नी द्वारा अपने मायके से भाई व अन्य रिस्तेदारों को बुलाते हुये पति की पिटाई करा दी गई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पचामा सालीचौका रोड निवाी बंटी पिता शौकीलाल अहिरवार उम्र 33 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै मजदूरी करके अपने घर गया और मैने अपने पिता शौकीलाल को मजदूरी के 400 रूपये मे से 200 रूपये दिये और मेरी पत्नी को शेष 200 रुपये दिये। इसी बात पर से मेरी पत्नी मुझसे विवाद करने लगी तो मैंने अपनी पत्नी को समझाया कि पापा का भी मेरे पैसो पर उतना ही अधिकार है जितना तुम्हारा अधिकार है। तो इसी बात पर से पत्नी ने अपने मायके फोन लगा दिया मेरा साला संदीप अहिरवार और मंझला साढू भाई बंटी अहिरवार आये और गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी संदीप अहिरवार और बंटी अहिरवार दोनो निवासी पिपरिया के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## अनेक सटोरिया आये पुलिस की पकड़ में

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सटोरियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिनों पुलिस द्वारा क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर छापा मारते हुये सटोरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नगर के माहारण प्रताप वार्ड में उमाशंकर पिता जग्गू पांडे नामक युवक को अवैध रूप से सट्टा पट्टी काटते हुये हुये पकड़कर आरोपी के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 370 रूपया, चीचली तिरहा के पास राजवीर पिता अशोक नौरिया निवसी स्टेशन रोड के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 500 रूपया व नगर के चीचली तिरहा के पास राज पिता गुड्डू कहार के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 320 रूपया व संतोष पिता भैरा प्रसाद नौरिया निवासी ग्राम इमालिया के पास से भी सट्टा पट्टी व नगदी 540 रूपया तथा पतलौन तिरहा के पास राजेश पिता शंकर लाल कहार निवासी पतलौन के पास से पट्टी सहित नगदी 650 रूपया व नगर के राम मंदिर के पास चावडी रोड पर शेख इदरिस पिता शेख अलीम खान निवासी भगवत सिंह वार्ड के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 730 रूपया तथा नगर के मवेशी बाजार में आशीष पिता श्याम लाल साहू निवासी निरंजन वार्ड के पास से पट्टी व नगदी 570 रूपया तथा नगर के पटैल वार्ड में शैलेन्द्र उर्फ शेलू पिता राम गुलाम ठाकुर निवासी शास्त्री वार्ड को सट्टा पट्टी व नगदी 580 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत रेलवे स्टेशन सिहोरा के समीप गुड्डू उर्फ शोभाराम पिता नेत सिंह रजक को सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से पट्टी सहित नगदी 530 रूपया, ग्राम खुलरी में वही के निवासी जितेन्द्र पिता देवेन्द्र रजक को भी सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर उसके पास से सट्टा पट्टी व नगदी 480 रूपया व सिहोरा बाजार में तरूण पिता पूरन लाल वर्मा के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 1320 रूपया व सिहोरा ही निवासी आदर्श उर्फ राजा पिता गोधन जाटव के पास से भी सट्टा पट्टी सहित नगदी 280 रूपया जप्त किये। वही समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत मारेगांव रोड पर गनेश पिता दीन दयाल रायत उम्र 54 साल निवासी मारेगांव रोड के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 1550 रूपया नगदी तथा सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम हरई कमलेश पिता राम प्रकाश ठाकुर के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 580 रूपया जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ 4 क जुंआ एक्ट के तहत मामला कायम किया गया।

# अलग अलग स्थानों से जप्त की गई अवैध शराब

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जिस तरह से शराब का अवैध कारोबार बढ़ते हुये देखा जा रहा है उसमें महिलाओं की भागीदारी होना निश्चित तौर से चिंता जनक बनने से नही चूक रहा है। हाल यह बना हुआ है कि मुख्य रूप से शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जो विभाग बना हुआ है शायद ही उसे किसी भी गांव शहर में कभी कार्यवाही करते हुये देखा गया हो..? वही इस अवैध कारोबार को लेकर पुलिस की भूमिका किसी से छिपी नही है। यह बात जरूर है कि पुलिस द्वारा समय समय पर कार्यवाही तो की जाती है मगर जिस तरह पुलिस की कार्यवाही के दौरान जप्ती की मात्र मात्र पांच लीटर या फिर निर्धारित पाव तक सीमित रहना अपने आप ही सबालों को जन्म देने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा समीपस्थ ग्राम कौड़िया में एक महिला के पास से 5 लीटर कच्ची महुआ की शराब व ग्राम गरहा में नदी के पास धनराज पिता कैलाश जाटव के पास से 7 लीटर कच्ची व अनिल पिता सरमन यादव के पास से 5 लीटर व नगर के रानीलक्ष्मी बाई वार्ड में एक महिला के पास से 5 लीटर कच्ची व ब्रजेश पिता मुन्ना लाल रजक के पास से 5 लीटर व कुचबंदिया मुहल्ला में राजा पिता रामकुमार रजक निवासी शिवांगन कालोनी गाडरवारा के पास से 5 लीटर तथा नगर के विवेकानंद वार्ड में टीकाराम पिता बालाराम के पास से 5 लीटर व नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में बड्डू पिता पिता प्रताप ठाकुर निवासी शक्ति चौक के पास से 5 लीटर, सूरज उर्फ कल्लू पिता प्रकाश कुर्मी निवासी राजी वार्ड के पास से 5 लीटर व नगर के रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में चुन्नी लाल पिता भैया लाल धानक आजाद वार्ड के पास से 5 लीटर व तुलसी पिता उद्दी धानक निवासी बीटीआई स्कूल के पास से 5 लीटर तथा राकेश पिता राधे श्याम कुर्मी निवासी सुभाष वार्ड के पास से 5 लीटर तथा मरघटा मुहल्ला रोड पर लखन पिता रम्मू धानक निवासी बोदरी के पास से 5 लीटर, माता वार्ड निवासी हल्के पिता धूपराम चौधरी के पास से 5 लीटर , शंकर



लाल पिता मनीराम कहार के पास से 5 लीटर व नगर के हनुमान वार्ड में शंकर लाल पिता मनी लाल कहार निवासी छिडाव घाट के पास से 5 लीटर, गोल्डी पिता कालूराम धानक निवासी ग्राम बोदरी के पास से 5 लीटर तथा नगर के रायल्टी आफिस के समीप राजू पिता मोहन लाल अहिरवार निवासी मरघटा मुहल्ला के पास से 5 लीटर कच्ची, पप्पू पिता काशीराम पटैल निवासी विवेकानंद वार्ड के पास से 5 लीटर तथा ग्राम कौड़िया में महेन्द्र पिता गोविंद कहार निवासी कौड़िया के पास से 19 पाव देशी, राजू पिता मोहन लाल अहिरवार निवासी मरघटा मुहल्ला के पास से 5 लीटर, झुन्नी लाल पिता परमानंद बंशकार निवासी निरंजन वार्ड के पास से 5 लीटर, प्रेम शंकर उर्फ भूरा पिता प्रहलाद नौरिया निवासी शास्त्री वार्ड के पास से 6 लीटर, माधव पिता गंगाराम धानक निवासी बीटीआई कालोनी के पास से 5 लीटर तथा समीपस्थ ग्राम कामती पिठहरा के पास अमित पिता अरविंद राजपूत निवासी ग्राम सीरेगांव के पास से 40 पाव देशी प्लेन शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम मनकवारा में विनोद पिता साहब लाल कौरव के पास 22 पाव देशी व डब्बल पिता कालूराम बंशकार निवासी जगदीश वार्ड के पास से 5 लीटर शराब जप्त की गई। ग्राम पुरगंवा आदर्श ढावा के पास वहीद पिता रमजान खान निवासी ग्राम पनारी के पास से 22 पाव देशी, ग्राम पुरगंवा रोड किनारे क्षीर सागर पिता देवीराम प्रजापति निवासी 17 पाव देशी शराब व ग्राम बोहानी में प्रकाश पिता मंगल खंगार के पास से 17 पाव देशी व एक महिला के पास से 19 पाव देशी व ग्राम बम्हौरी नहर के पास मदन पिता रामदयाल कौरव के पास से 29 पाव देशी तो ग्राम बरांझ में एक महिला के पास 22 पाव देशी जप्त की गई। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम मारेगांव में बाबू लाल पिता रमेश बंशकार निवासी वार्ड क्रमांक 6 सालीचौका के पास से 24 पाव अंग्रेजी शराब व ग्राम बारछी में एक महिला के पास से 15 लीटर कच्ची महुंआ की शराब व ग्राम सहावन में एक महिला के पास से 16 लीटर कच्ची शराब जप्त कीते हुये आरोपियों के खिलाफ 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

एनटीपीसी NTPC
एन टी पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

दुकान आवंटन संबंधी सूचना

एनटीपीसी लिमिटेड गाडरवारा के नर्मदा विहार टाउनशिप में निम्नलिखित दुकानों के आवंटन हेतु व्यवसायिक अनुभव, पात्रता एवं योग्यता रखने वाले इच्छुक परियोजना प्रभावित परिवारों एवं सामान्य इच्छुक व्यवसाइयों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

नर्मदा विहार शॉपिंग कॉम्प्लेक्स

| दुकान क्रमांक संख्या | निर्धारित व्यवसाय |
| --- | --- |
| 6 | रेस्टोरेंट |
| 7 | दर्जी एवं बुटीक |
| 10 | बेकरी (ब्रेड, बिस्कुट, केक, पेस्ट्री इत्यादि) मिठाई एवं डेयरी उत्पाद (दही, पनीर, दूध और मक्खन इत्यादि) |
| 11 | जंट्स सेलून |
| 14 | धोबी/ड्राई क्लीन/प्रेस |
| 15 | जूस एव फल |
| 16 | आटा चक्की |

**नियम एवं शर्तें:**
• दुकान आवंटन हेतु आवेदन पत्र रू.200 (एनटीपीसी लिमिटेड, गाडरवारा के पक्ष में देय) जमा कर कक्ष संख्या 9, विकास भवन से कार्यदिवसों में 09.03.2026 से 19.03.2026 (रविवार को छोड़कर) प्रातः 11:00 बजे से 1:00 बजे तक तथा अपराह्न 3:30 बजे से 5:00 बजे तक क्यूआर कोड के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। • एक आवेदक केवल एक ही दुकान के लिए आवेदन कर सकता है। • यदि किसी परियोजना प्रभावित परिवार के आवेदक का कोई सदस्य एनटीपीसी लिमिटेड में वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में कार्यरत है या पंजीकृत ठेकेदार के रूप में संलग्न है, तो वह आवेदक आवेदन करने हेतु पात्र नहीं होगा। • जिन आवेदकों को भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत दोष सिद्ध किया गया है तथा जिन्हें ब्लैकलिस्ट किया गया है अथवा जिनका एनटीपीसी लिमिटेड के साथ प्रतिकूल अभिलेख है, वे दुकान आवंटन हेतु पात्र नहीं होंगे। • आवेदक को विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र के साथ "NTPC Limited" के पक्ष में नई दिल्ली में देय रू. 5,000 (रुपये पाँच हजार मात्र) की बयाना जमा राशि (EMD) डिमांड ड्राफ्ट के रूप में अनिवार्यतः जमा करनी होगी। • विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र कक्ष संख्या 9, विकास भवन में कार्यदिवसों में प्रातः 11:00 बजे से 1:00 बजे तक तथा अपराह्न 3:30 बजे से 5:00 बजे तक अंतिम तिथि अर्थात 23.03.2026 तक रसीद प्राप्त करते हुए जमा करना होगा। • परियोजना प्रभावित परिवार के आवेदकों को दुकान का आवंटन एनटीपीसी लिमिटेड, गाडरवारा की स्वीकृत पुनर्वास नीति के अनुसार किया जाएगा। • दुकान क्रमांक 6, 7 एवं 10 अनारक्षित (सभी के लिए खुली हैं, जबकि शेष दुकानें 11, 14, 15 एवं 16 परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के लिए आरक्षित हैं।

विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

# कॉलेज की छात्रा ऑटो में नहीं बैठी तो चालक ने की मारपीट

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में जिस तरह आटों चालकों की मनमानी के नजारे देखने मिल रहे है वह सच्चाई शायद ही किसी से छिपी हो..? मगर अब आटों चालको के हौसले इतने बुलंद होते हुये दिखाई देने लगे है कि यदि कोई सबारी उनके आटों में नही बैठती है तो वह उसके साथ मारपीट करने में भी पीछे नही रहते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनो एक महाविद्यालय की छात्रा के साथ होते हुये देखी गई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कौड़िया निवासी महाविद्यालय की छात्रा द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह कौडिया बस स्टेण्ड पर कालेज आने के लिये आटो आटों का इंतजार कर रही थी। उसी दौरान एक आटो बाला आया और कहने लगा की मेरे आटो मे बैठ जाओ । छात्रा को वह आटो वाला शराब के नशे होने के कारण वह दूसरे आटों यानि की गोलू कहार के आटो मे बैठ कर चली गई और बस स्टेन्ड पर उतारने के बाद जब वह शक्ति चौकी की और पैदल जा रही थी उसी दौरान वह आटों चालक भी आ गया और रास्ता रोकते हुये छात्रा को गंदी गंदी गालिया देते हुये बोला की तू मेरे आटों में क्यों नही बैठी इसी बात को लेकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा बीच बचाव करते हुये आटों चालक को पकड़कर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम अभिषेख त्रिपाठी निवासी गाडरवारा बताया गया। वही पुलिस द्वारा प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपी आटों चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

**खबर संक्षेप**

### ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित

**अनूपपुर।** ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष क्रमांक 07659-222517 है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अनूपपुर के कार्यपालन यंत्री अमित कुमार साह ने बताया है कि कन्ट्रोल रूम के प्रभारी, सहायक मानचित्रकार एवं तकनीकी शाखा प्रभारी मनीष कुमार बैगा होंगे, जिनका मो.नं. 8839846254 है। कन्ट्रोल रूम में विकासखण्ड समन्वयक श्रीमती सपना त्रिपाठी मो. नं. 9752452516 एवं सहायक ग्रेड-3 विनीत कुमार सोनी मो. नं. 7415769811 की ड्यूटी सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा सहायक मानचित्रकार मनीष कुमार बैगा मो.नं. 8839846254 एवं सहायक ग्रेड-3 किशन सिंह परस्ते मो. नं. 7869137154 की ड्यूटी दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक के लिए लगाई गई है। उन्होंने बताया है कि कन्ट्रोल रूम द्वारा जिले एवं विकासखण्ड में पेयजल की समस्या एवं जलजनित बीमारियों से संबंधित प्राप्त शिकायतों का शिकायत पंजी में प्रविष्टि कर संबंधित सहायक यंत्री उपयंत्री को तत्काल पेयजल से संबंधित सूचना दी जाएगी एवं सहायक यंत्री उपयंत्री विकासखण्ड समन्वयक निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उपखण्ड स्तर पर भी पेयजल से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखण्ड अनूपपुर अंतर्गत सहायक यंत्री श्रीमती नीलिमा सिंह मो. नं. 8770938420, उपयंत्री अजय सिंह मो. नं. 7000656073 की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखण्ड कोतमा अंतर्गत सहायक यंत्री दीपक साहू मो. नं. 9993400770, उपयंत्री श्रीमती रमा नायक मो. नं. 8435484206, उपयंत्री अजय सिंह मो. नं. 7000656073 तथा विकासखण्ड समन्वयक गोकुल प्रजापति मो. नं. 9340959860 की ड्यूटी लगाई गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखण्ड राजेन्द्रग्राम अंतर्गत सहायक यंत्री दीपक साहू मो. नं. 9993400770, उपयंत्री श्रीमती नीलिमा सिंह मो. नं. 8770938420, उपयंत्री विकास कुमार मोदनवाल मो. नं. 8770313768 तथा सहायक ग्रेड-3 प्रवीण मिश्रा मो. नं. 7771081498 की ड्यूटी लगाई गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अनूपपुर के कार्यपालन यंत्री ने उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि जिला कन्ट्रोल रूम एवं उपखण्ड स्तरीय कन्ट्रोल रूम से प्राप्त शिकायतों को उनके द्वारा पंजीबद्ध कर निराकरण की कार्यवाही भी पंजीबद्ध करना सुनिश्चित करें।

### निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से

**अनूपपुर।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026/27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है। आरटी.ई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल को किया जायेगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026/27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन 09 मार्च से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा। आवेदक ने आर.टी.ई. में निःशुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी/निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है, तत्संबंधी कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने से, आवेदकों को स्कूल आवंटित होने के बाद दस्तावेजों की त्रुटि या अभाव में, एडमिशन निरस्त होने की समस्या उत्पन्न नही होगी। ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या या कठिनाई होने की स्थिति में संबधित विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। 02 अप्रैल को ऑनलाइन लॉटरी द्वारा छात्रों को निजी स्कूलों में सीट का आवंटन किया जायेगा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया धुरेड़ी पर्व रंग गुलाल और फाग गीतों से गूंज उठी गलियां

**शहपुरा।**

**होली के दूसरे दिन धुरेड़ी पर्व इस वर्ष भी पूरे उत्साह और पारंपरिक अंदाज के साथ मनाया गया। सुबह से ही बच्चों युवाओं और बुजुर्गों में पर्व को लेकर जोश देखा गया।**



छोटे बड़े सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और घर घर जाकर उत्सव की खुशियां साझा कीं गांव की गलियों में रंगों की बौछार और हंसी खुशी का माहौल पूरे दिन बना रहा। इस अवसर पर पारंपरिक फाग गीतों का आयोजन किया गया। ढोलक और मंजीरे की थाप पर ग्रामीण नाचते गाते नजर आए। बुजुर्गों ने भी युवाओं के साथ मिलकर होली के गीत गाए और पुरानी परंपराओं को जीवंत बनाए रखा।

धुरेड़ी पर्व की परंपरा के अनुसार ग्रामीणों का समूह पूरे गांव में घूमता रहा। इस दौरान लोग घर घर जाकर धूल उड़ाते और एक दूसरे को शुभकामनाएं देते नजर आए। मिठाइयों का आदान प्रदान भी किया गयाए जिससे आपसी प्रेम और भाईचारे का माहौल और गहरा हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि होली और धुरेड़ी केवल रंगों का त्योहार नहीं हैंए बल्कि यह सामाजिक एकता और आपसी सौहार्द का प्रतीक भी हैं। पूरे दिन गांव में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा और रंगों के इस पर्व ने ग्रामीणों के बीच भाईचारे और मेलजोल को और मजबूत किया।




## मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा की

**डिंडौरी।**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में आगामी जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग से जुड़े कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण के विभिन्न उपायों को प्रभावी रूप से लागू करने तथा जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अभियान से जुड़े कार्यों को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

जिला स्तर पर आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी डीएफओ अशोक सोनवानी एसडीएम रामबाबू देवांगन डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**शहपुरा में लाखों का अग्निशमन वाहन बेकारए खलिहान की आग बुझाने टैंकर का सहारा**

## नगर परिषद की आपात व्यवस्था पर उठे सवाल






**शहपुरा।**

नगर परिषद की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। बुधवार को नगर के तेंदूपत्ता गोदाम के पीछे स्थित खलिहान में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें किसान का धान का पैरा जलकर पूरी तरह राख हो गया। आग लगने के दौरान सबसे बड़ी बाधा यह रही कि नगर परिषद का अग्निशमन वाहन खराब होने के कारण घटनास्थल पर समय पर नहीं पहुंच सका। इसके चलते आग पर काबू पाने में विलंब हुआ और किसान को गंभीर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 11 बजे खलिहान में अचानक धान के पैरा में आग भड़की। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों और किसान ने तत्काल पुलिस और नगर परिषद को सूचना दीए लेकिन अग्निशमन वाहन खराब होने के कारण मौके पर नहीं पहुंच पाया।

अंततः नगर परिषद के कर्मचारियों को पानी के टैंकर के माध्यम से आग पर काबू पाने का प्रयास करना पड़ा। काफी देर मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया लेकिन तब तक खलिहान में रखा धान का पैरा पूरी तरह जलकर राख हो चुका था।स्थानीय लोगों ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि लाखों रुपये खर्च कर अग्निशमन वाहन खरीदा गयाए लेकिन रखरखाव की कमी के कारण यह आपातकालीन स्थिति में पूरी तरह बेकार साबित हुआ।

## जर्जर सड़क से राहगीर परेशान अमरपुर मार्ग पर बढ़ी दिक्कतें



**अमरपुर।**

जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर से धनवासी तक जाने वाला सड़क मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। सड़क जगह जगह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जानकारी के अनुसार इस मार्ग से लगभग छह ग्राम पंचायतों के लोग आवागमन करते हैं। साथ ही स्कूल और महाविद्यालय के छात्र छात्राएं भी इसी रास्ते से आना जाना करते हैं। जनपद कार्यालय बैंक कृषि विभाग तहसील कार्यालय सहित अन्य शासकीय कार्यालय तक पहुंचने के लिए भी लोगों को इसी सड़क का उपयोग करना पड़ता है। खराब सड़क के कारण आमजन और विद्यार्थियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन मजबूरी में इसी मार्ग से सफर करना पड़ता है। इस सड़क मार्ग पर ऐतिहासिक ग्राम रामगढ़ भी स्थित है जहां घूमने के लिए समय समय पर पर्यटक पहुंचते रहते हैं। ऐसे में दिनभर इस मार्ग पर लोगों का आवागमन बना रहता है। इसके बावजूद सड़क की जर्जर स्थिति के कारण यात्रियों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है।बताया जाता है कि कुछ समय पहले विभाग द्वारा सड़क की मरम्मत कराई गई थी लेकिन गुणवत्ताहीन कार्य के कारण सड़क की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हो पाया और हालात पहले जैसे ही बने हुए हैं।विभाग द्वारा सड़कों की शिकायत दर्ज कराने के लिए एक एप भी जारी किया गया है लेकिन इसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं होने से वे इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही इस सड़क का समुचित मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं कराया गया तो कुछ ही समय में यह मार्ग पूरी तरह अनुपयोगी हो जाएगा। क्षेत्र की आम जनता और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नई सड़क का निर्माण कराया जाना जनहित में आवश्यक बताया जा रहा है।

## सड़क किनारे खड़ी कार में अचानक लगी आग, कुछ ही मिनटों में जलकर हुई खाक, देखते ही देखते आग का गोला बनी कार, ग्रामीणों में मची अफरा तफरी

**डिंडौरी।**



जिले के अमरपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत भाखा गांव के पास बुधवार दोपहर सड़क किनारे खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही मिनटों में पूरा वाहन जलकर खाक हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा.तफरी का माहौल बन गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12रू30 बजे सड़क किनारे खड़ी कार से अचानक धुआं निकलता दिखाई दिया आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पातेए उससे पहले ही आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते कार आग के गोले में तब्दील हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि वाहन को बचाया नहीं जा सका। कुछ ही देर में कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई सूचना मिलने पर अमरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट या किसी तकनीकी खराबी के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस वाहन मालिक से संपर्क कर मामले की जांच में जुट गई है।

## मकान सूचीकरण कार्य के लिए ब्लॉक गठन प्रगणक और पर्यविक्षक नियुक्ति के निर्देश




**डिंडौरी।**

भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत किए जाने वाले मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की तैयारियों को लेकर जिला स्तर पर आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार मकान सूचीकरण कार्य के दौरान मकान सूचीकरण ब्लॉकों का गठन किया जाएगा तथा उनका आवंटन भी किया जाएगा। इसके साथ ही प्रगणक और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के आदेश जारी कर उन्हें परिचय पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मकानों को क्रमांकित किया जाएगा। इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा की गई कार्यवाही की जानकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं।उक्त निर्देश जनगणना कार्य संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा जारी दिशा निर्देशों के पालन में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी द्वारा जारी किए गए हैं।

### 14 मार्च को जनगणना.2027 के प्रथम चरण हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण

**डिंडौरी।** जनगणना.2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य के लिए जिला स्तरीय द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 14 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ;आईटीआईद्ध डिंडौरी में प्रातः 10रू30 बजे से सायं 5रू00 बजे तक आयोजित होगा।कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर जिला योजना अधिकारी अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारीए सभी अनुविभागीय अधिकारी ;राजस्वद्ध जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ;एनआईसीद्ध जनगणना लिपिक तथा तकनीकी सहायक सहित संबंधित अधिकारी.कर्मचारी शामिल होंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जिला जनगणना पुस्तिका के माध्यम से आवश्यक दिशा.निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही सीएमएमएस पोर्टल पर हैंड्स.ऑन अभ्यास भी कराया जाएगाए ताकि मकान सूचीकरण और गणना से जुड़े कार्य तकनीकी रूप से सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हो सकें।इस संबंध में सभी तहसीलदारए नायब तहसीलदारए चार्ज जनगणना अधिकारीए

## नशे में तेज रफ्तार कार का कहर, राहगीरों व बाइक सवार को मारी टक्कर: एक की मौत, दो गंभीर

**डिंडौरी।**

जिले के गाड़ासरई थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम तेज रफ्तार कार के कारण एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गईए जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा.तफरी का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक तेज गति से आ रही कार ने सड़क किनारे जा रहे राहगीरों और एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार चालक तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था और उसके नशे में होने की भी आशंका जताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हो गएघटना से आक्रोशित लोगों ने



चालक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया

घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया हैए जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं मृतक के शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है साथ ही चालक का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा हैए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वह नशे की हालत में वाहन चला रहा था या नहीं घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

खबर संक्षेप

### दिव्यांगजनों के लिए बनाए जाएंगे यू.डी.आई.डी. कार्ड, लगेंगे शिविर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिला एवं निकाय स्तर पर दिव्यांगजनों के लिए जिला मेडिकल बोर्ड के माध्यम से यू.डी.आई.डी. कार्ड-दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए 10 मार्च से 18 मार्च 2026 तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में संबंधित निकाय के दिव्यांगजनों को बस पास प्रदाय किए जाएंगे तथा रेलवे पास बनाए जाने की कार्यवाही भी की जाएगी। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्रीमती अंजना त्रिपाठी ने बताया कि यू.डी.आई.डी. कार्ड बनवाने के लिए समग्र आई.डी. व आधार कार्ड की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज की फोटो एवं स्वावलंबन पोर्टल-यू.डी.आई.डी पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पर्ची के साथ शिविर स्थल में उपस्थित होकर स्वयं का यू.डी.आई.डी. कार्ड दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यू.डी.आई.डी. कार्ड दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए जिले की जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चांवरपाठा में मंगलवार 10 मार्च को, जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सांईखेड़ा में बुधवार 11 मार्च को, जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चीचली में गुरूवार 12 मार्च को, नगर पालिका गाडरवारा के अंतर्गत सिविल अस्पताल गाडरवारा में शुक्रवार 13 मार्च को, जनपद पंचायत करेली के अंतर्गत सिविल अस्पताल करेली में सोमवार 16 मार्च को, जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोटेगांव में मंगलवार 17 मार्च को और जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत जिला अस्पताल नरसिंहपुर में बुधवार 18 मार्च को शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

### म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ का निर्वाचन संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मप्र. राज्य कर्मचारी संघ की जिला शाखा के निर्वाचन संघ के प्रदेश मंत्री एवं निर्वाचन अधिकारी रजनीश विश्वकर्मा, जिला संरक्षक गजेन्द्र नायक, विभागीय सचिव प्रदीप पटेल जिलाध्यक्ष संजय लमानिया, सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष भोजराज उपाध्याय, की उपस्थिति में लोकतांत्रिक एवं शांति पूर्ण संपन्न हुये। संघ के जिलाध्यक्ष संजय लमानिया द्वारा जिले का वृत प्रस्तुत किया गया एवं संगठन द्वारा प्रदेश में कर्मचारी हितैषी गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिला कोषाध्यक्ष आर.आर. अवस्थी द्वारा सदस्यता की जानकारी दी गई। संगठन के जिला अध्यक्ष संजय लमानिया द्वारा कार्यकाल पूर्ण होने पर संघ की जिला इकाई को भंग करने की घोषणा की, निर्वाचन कार्यक्रम में सर्वसम्मति से जिले की निर्विरोध कार्यकारिणी की घोषणा जिला निर्वाचन अधिकारी रजनीश विश्वकर्मा द्वारा की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष भीकम सिंह कौरव, कार्यकारी अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, दिनेश परतेती, दीपक वाजपेई निर्वाचित किये गये।

### सड़क दुर्घटना मे दो घायल, एक की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी के डुड़वारा के पास हुई सड़क दुर्घटना मे दो व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हेमराज गौड़ पिता गौतम उम्र 32 वर्ष निवासी खापा शेढ़ एवं अरविंद ठाकुर पिता चन्द्रभान उम्र 27 वर्ष निवासी पाठा दोनो निवासी थाना क्षेत्र मुंगवानी घायल हो गए जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा अरविंद को मृत घोषित कर दिया वही हेमराज का उपचार जारी है। पुलिस ने अरविंद का मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परिक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## प्रशासन की रही चौकसी, चाक चौबंद रही व्यवस्थाएं

# परमपरागत ढंग से मनाई होली









### जमकर उड़े रंग गुलाल बहनों ने भाई को लगाया टीका, मांगी मुराद

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। होली का त्यौहार सत्य व बुराई पर अच्छाई का प्रतीक होली का त्यौहार लोगो द्वारा परमपरागत ढंग से मनाया गया। लोगो द्वारा एक दूसरे को रंग लगाकर मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनायें दी। सोमवार की रात्रि को जगह - जगह होलिका दहन किया गया एवं चंद्रग्रहण के कारण धुड़ेरी बुधवार को मनाई गई। बुधवार की सुबह युवाओं की टोली सुबह से रंग गुलाल लेकर निकल पड़ी और जमकर होली खेली गई। वही अनरव वाले घरों मे लोगो द्वारा जाकर रंग गुलाल कर फागे भी आयोजित कराई गई। होली के त्यौहार को लेकर कलेक्टर एवं एस पी द्वारा प्रशासनिक अधिकारियो को सभी व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिये गये थे। नगर के प्रत्येक गली चैराहों पर प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्थाएं रही।

#### उमंग व उत्साह के साथ मनाया त्यौहार

रंगो का त्यौहार होली बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया लोगो द्वारा होली पर जमकर लुप्त लिया। लोग एक दूसरे को रंग लगाकर मिठाई खिलाते नजर आये वही प्रशासन के अधिकारियों द्वारा भी होली का जमकर आनंद लिया गया। होलिका दहन के साथ ही होली पर फागों का राग भी प्रारंभ हो जाती है। होली भाईचारे , रंग, गुलाल और मौज मस्ती का त्यौहार है। परंपरागत रूप से मनाए जाने वाले इस त्यौहार को कई राज्यों में इसे अलग-अलग ढंग से मनाया जाता है, किंतु नरसिंहपुर जिले में होली मनाने की कुछ फिजा ही निराली है। शहरी तथा ग्रामीण अंचलों में जगह-जगह होलिका दहन के पश्चात अगले दिन धुरेड़ी पर हर वर्ग के लोगों ने उमंग व उत्साह से होली का पर्व मनाया।

#### बच्चों मे दिखा काफी उत्साह

धुरेड़ी के दिन प्रातः होते ही नन्हें-मुन्ने बच्चे पिचकारी लेकर सड़कों पर घूमते नजर आने लगे वे पिचकारी के साथ मुखौटा लगाए तथा हाथ में रंग गुलाल लिए धमाचैकड़ी मचाते रहे। दोपहर होते-होते सड़कों पर हुरियारे नजर आने लगे। रंगों से सराबोर होने के कारण अनेक लोगों को तो पहचानना तक मुश्किल हो रहा था। लोग एक दूसरे को रंग लगाकर मिठाई खिलाते नजर आये। सड़को में भी रंग व गुलाल नजर आ रहा था। धुरेड़ी के दिन सुबह से ही गली मोहल्लों मे चहल पहल नजर आने लगी थी बच्चे सुबह से ही रंग गुलाल लेकर निकल पड़े और जैसे जैसे सूर्य आसमान में चढ़ रहा था वैसे वैसे ही होली की हुड़दंग सम्पूर्ण रंग के साथ सड़को पर उतर आई लोगो ने जमकर होली खेली लोग एक दूसरे को रंग लगाकर मिठाई खिलाकर गले मिलकर बधाई देते नजर आये। लोगो की टोलियां बाजे गाजे के साथ निकली और जमकर रंग गुलाल की होली खेली गई। होली पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया, इसमें पुलिस विभाग की सर्वाधिक अहम भूमिका रही। सामाजिक व धार्मिक सौहार्द को बरकरार रखने की कवायद में होली दहन की रात्रि से ही पुलिसिया गश्त शुरू हो गयी थी, जो होली के दिन भी लगातार जारी रही। जिससे शहर में कहीं भी अराजक स्थिति निर्मित नही हो पाई।

#### बहन ने भाई को तिलक लगाकर मांगी दुआ

गुरूवार को भाई दूज पर्व पर बहनो ने अपने भाई को तिलक मिठाई खिलाई एंव भाई की लबी उम्र व सुख समृद्धी की कामना की। माना जाता है कि होली के दूसरे दिन पड़ने वाली दूज पर बहन अपने भाई को तिलक लगाकर उसकी सुखी व खुशहाल जीवन की कामना करती है तो वह पूरी होती है। इसी क्रम पर बहनो ने अपने भाई के लिये तिलक लगाकर दुआयें मांगी। माना जाता है कि भाई दूज के दिन भाई को तिलक लगाकर जो भी कामना की जाती है वह पूरी होती है उसके लिये प्रातः काल मे गौ माता के गोबर से दूज बनाई जाती है उसके उपरांत उनकी पूजा की जाती है जिसमे पकवानों व मिष्ठानों का भोग लगाया जाता है।

#### पुलिस परिवार में होली का रहा उत्साह

गुरूवार को अधीक्षक के निर्देशानुसार पुलिस लाइन में होली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर नरसिंहपुर पुलिस परिवार द्वारा हर्षोल्लास एवं आपसी सौहार्द के साथ होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं तथा पारंपरिक उत्साह के साथ पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने सहभागिता की। सभी ने मिलकर रंग-गुलाल के साथ होली खेली तथा आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीणा द्वारा सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा गया कि ऐसे पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे एवं एकता को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक वातावरण में सभी ने उल्लासपूर्वक होली का पर्व मनाया तथा एक-दूसरे के सुखद एवं सुरक्षित जीवन की कामना की।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग, एम.पी.आर.डी.सी., नर्मदा घाटी विकास परियोजना, पी.आई.यू. तथा एम.पी. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने अधिकारियों से विभागवार निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्यों की गुणवत्ता एवं गति बनी रहे और आमजन को समय पर सुविधाओं का लाभ मिल सके। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा और सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पूर्ण किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों के साथ-साथ उनके रखरखाव (मेंटेनेंस) के कार्य भी समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि जिले के नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और निर्माण कार्यों की प्रगति की निरंतर समीक्षा करते रहें। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## अवकाश दिनों में खुलेंगे पंजीयन कार्यालय

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासन के राजस्व की दृष्टि से मार्च माह अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। आम नागरिकों को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा उपलब्ध कराने तथा राजस्व प्राप्ति को ध्यान में रखते हुए माह मार्च 2026 में सभी सार्वजनिक अवकाश दिवसों में भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। जिला पंजीयक नरसिंहपुर ने बताया कि मार्च माह में प्रत्येक शनिवार और रविवार सहित अन्य सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी जिले के समस्त जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय शासकीय कार्य एवं दस्तावेजों के पंजीयन के लिए खुले रहेंगे। इससे नागरिकों को अवकाश के दिनों में भी अपने दस्तावेजों का पंजीयन कराने की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि आवश्यकता अनुसार इन दिनों में भी कार्यालय पहुंचकर पंजीयन कार्य करा सकते हैं।

## मंत्री श्री पटेल के प्रयासों से मिली बड़ी सौगात, बनेगा पुल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में मां नर्मदा के परिक्रमा पथ पर चलने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात मिली है मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं मां नर्मदा के अनन्य भक्त प्रह्लाद सिंह पटेल के विशेष प्रयासों से हीरापुर क्षेत्र के जुगपुरा में हिरन नदी पर लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से पुल निर्माण को स्वीकृति मिली है यह पुल विशेष रूप से मां नर्मदा की परिक्रमा करने वाले पथिकों और स्थानीय ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बनाया जाएगा हिरन नदी से परिक्रमा वासियों एवं ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है पुल निर्माण से इस समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा कैबिनेट मंत्री श्री पटेल लंबे समय से इस मांग को लेकर प्रयासरत थे। उन्होंने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए इस महत्वपूर्ण परियोजना को मूर्त रूप दिलाया है। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि उनके प्रयासों से न केवल परिक्रमा मार्ग सुगम होगा, बल्कि आसपास के गांवों के लोगों को भी आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापार में सुविधा मिलेगी स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने इस घोषणा पर हर्ष व्यक्त करते हुए मंत्री श्री पटेल के प्रति आभार प्रकट किया है। उनका कहना है कि यह पुल क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा जिससे आने वाले समय में मां नर्मदा के पथिकों को सुरक्षित और सुगम मार्ग उपलब्ध हो सकेगा।

## छुटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक संपन्न हुआ होलिका उत्सव




**तेंदूखेड़ा।** आपसी भाईचारे सौहार्दता उत्साह उमंग हंसी खुशी रंग गुलाल का त्यौहार होली उत्सव तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ छुट पुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हो गया।नगर के विभिन्न हिस्सों में होलिका दहन किया गया। तथा दूसरे दिन चंद्रग्रहण होने के चलते धुडेली पर्व बुधवार को मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर ख़ुशी का इजहार किया। बच्चों ने भी जमकर होली खेली।नगर के दो वार्डों में आपसी कहासुनी खून की होली में तब्दील हो गई लेकिन बाद में पुलिस की सतर्कता से शांति कायम हुई। लोगों ने शोकाकुल परिवारों में पहुंचकर गुलाल लगाया। और परम्परागत देशी फागों के माध्यम से रंग गुलाल लगाई गई और संगीत की थापों पर लोग झूमते नजर आये।

## सतुआ वाले बाबा का हुआ भव्य स्वागत

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस राजकीय अतिथि दर्जा प्राप्त महामंडलेश्वर सतुआ वाले बाबा जी महाराज पुण्य सलिला मां नर्मदा की परिक्रमा कर रहे हैं।जिनका तेंदूखेड़ा क्षेत्र से पदार्पण होने पर नगर के प्रतिष्ठित विद्वान पंडितों द्वारा उनकी जोरदार आगवानी करते हुए नायक मंदिर परिसर क्षेत्र में प्रतिष्ठित किराना व्यापारी रामकुमार रामनरेश तिवारी जी के निवास पर स्वागत किया गया। उनके साथ चले रहे सभी संतों का भी जोरदार स्वागत किया गया।इसी बीच रास्ते में दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। एवं सदगुरु विद्या पीठ परिसर में पं चंद्रकांत चौबे ने स्वागत किया एवं ब्राह्मण बच्चों को दी जा रही सनातनी शिक्षा की जानकारी दी गई।



#### नर्मदा के आंचल में बसने वाले लोग धन्य

परिक्रमा के दौरान तेंदूखेड़ा पहुंचे सतुआ वाले महाराज सभी वर्गों धर्मों के लोगों के द्वारा स्वागत पाकर स्पष्ट किया कि यहां की संस्कृति को अभिवादन किया करते हैं जो संत महात्मा और नर्मदा परिक्रमा वासियों के प्रति अटूट श्रद्धा बनाये हुए हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर मां नर्मदा के आंचल में बसने वाले लोग ही धन्य हुआ करते हैं जिन्हें पुण्य सलिला मां नर्मदा का तट मिला हुआ है।इसी तरह से एक दूसरे में परस्पर प्रेम स्नेह बना रहे। मां नर्मदा के संरक्षण को लेकर लोगों से अपील की गई कि कलयुग में मोक्षदायिनी मां नर्मदा ही है। और एक मात्र ऐसी शक्ति है जिनकी परिक्रमा करने का सौभाग्य हमें मिल रहा है। हमें नर्मदा किनारे वृक्षारोपण नर्मदा को साफ सुथरा रखने लगातार सफाई अभियान करते रहना चाहिए।